भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2508

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

पुदुच्चेरी के लिए सड़क परियोजनाओं का आवंटन

2508. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राजीव गांधी स्क्वायर से मारापलम जंक्शन तक और मारापलम जंक्शन से कुड्डालोर को जोड़ने वाले राजमार्ग तक पुदुच्चेरी यातायात की भीड़भाड़ के बारे में जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यातायात की भीड़भाड़ को कम करने के लिए संघ राज्यक्षेत्र पुदुच्चेरी को कौन-कौन सी योजनाएं स्वीकृत की गई हैं;

(ग) सरकार द्वारा संघ राज्यक्षेत्र पुदुच्चेरी के लिए कौन-कौन सी सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं या स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) संघ राज्यक्षेत्र में सड़क अवसंरचना के लिए वर्ष 2024-25 के दौरान कितना बजट आबंटन किया गया है तथा वर्ष 2025-26 के लिए आवंटन की प्रस्तावित मात्रा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हां।

(ख) और (ग) सरकार ने तीन कार्य, अर्थात् (i) एनएच 32 पर राजीव गांधी स्क्वायर और इंदिरा गांधी स्क्वायर नामक दो जंक्शनों का सुधार, (ii) कुड्डालोर रोड (एनएच-45ए) के 20 किलोमीटर लंबे हिस्से का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण और (iii) राजीव गांधी मरक्कनम की ओर से पूर्वी तटीय सड़क (ईसीआर) अर्थात् एनएच-332ए के 13.00 किलोमीटर लंबे हिस्से का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की योजना बनाई है, जो पारस्परिक प्राथमिकता, यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल पर आधारित है ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों को सुरक्षित और सुचारू यातायात योग्य बनाया रखा जा सके।

(घ) संघ राज्यक्षेत्र पुदुच्चेरी में चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) कार्यों की आवश्यकता के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 25.00 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। सरकार संघ राज्यक्षेत्र पुदुच्चेरी में एनएच परियोजनाओं की आवश्यकताओं के अनुसार वितीय वर्ष 2025-26 में भी एनएच परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि निर्धारित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

*****